# अध्याय – 05 | आधुनिक विश्व में चरवाहे

## QUIZ-02

1. **औपनिवेशिक शासन के दौरान चरागाहों का क्या हुआ?**
   A. उनका विस्तार हुआ
   B. वे खेती की ज़मीन में बदले गए
   C. उनका संरक्षण हुआ
   D. उन्हें धार्मिक स्थल बना दिया गया (B)

*व्याख्या :* औपनिवेशिक शासन में अधिकतर चरागाहों को खेती की ज़मीन में बदल दिया गया जिससे चरवाहों के लिए संकट पैदा हुआ।

2. **1871 में अंग्रेज़ों ने कौन-सा कानून पारित किया था?**
   A. वन अधिनियम B. भूमि अधिनियम
   C. अपराधी जनजाति अधिनियम
   D. लगान अधिनियम (C)

*व्याख्या :* 1871 में अंग्रेज़ों ने अपराधी जनजाति अधिनियम पारित किया जिसमें कई चरवाहा समुदायों को अपराधी घोषित किया गया।

3. **परंपरा और रीति-रिवाज के आधार पर मिलने वाले अधिकार किस नाम से जाने जाते थे?**
   A. परंपरागत अधिकार B. मौलिक अधिकार
   C. वंशागत अधिकार
   D. अस्थायी अधिकार (A)

*व्याख्या :* परंपरा और रीति-रिवाजों से मिलने वाले अधिकारों को परंपरागत अधिकार कहा जाता था।

4. **औपनिवेशिक शासन में चरवाहों की आवाजाही पर कैसे नियंत्रण रखा गया?**
   A. पास और परमिट प्रणाली से
   B. सेना के पहरे से
   C. गाँव की पंचायत से
   D. किसानों की निगरानी से (A)

*व्याख्या :* चरवाहों की आवाजाही पर रोक लगाने के लिए उन्हें पास और परमिट लेना पड़ता था।

5. **1850 से 1880 के बीच चरवाही कर वसूली का काम किसे सौंपा जाता था?**
   A. पुलिस B. ठेकेदारों को
   C. पंचायतों को D. किसानों को (B)

*व्याख्या :* इस अवधि में चरवाही कर वसूली का काम बोली लगाकर ठेकेदारों को दिया जाता था।

6. **अंग्रेज़ों की राय में चरवाहों के रेवड़ किस पर बुरा प्रभाव डालते थे?**
   A. नदी-तालाबों पर
   B. नए पौधों और कोंपलों पर
   C. जंगल के जानवरों पर
   D. किसानों की फसल पर (B)

*व्याख्या :* अंग्रेज मानते थे कि चरवाहों के रेवड़ छोटे पौधों और कोंपलों को नष्ट कर देते हैं जिससे पेड़ों की बढ़त रुक जाती है।

7. **1947 के बाद राइका समुदाय अपने पशुओं को किस नदी के किनारे नहीं चरा सकते थे?**
   A. गंगा नदी B. यमुना नदी
   C. सिंधु नदी D. नर्मदा नदी (C)

*व्याख्या :* 1947 के बाद राइका समुदाय सिंधु नदी के किनारे अपने पशुओं को नहीं चरा सकते थे।

8. **औपनिवेशिक शासन के दौरान चरवाही कर कब लागू किया गया?**
   A. 18वीं सदी की शुरुआत में B. 19वीं सदी के मध्य में
   C. 20वीं सदी की शुरुआत में
   D. स्वतंत्रता के बाद (B)

*व्याख्या :* 19वीं सदी के मध्य से ही अधिकांश चरवाही क्षेत्रों में चरवाही कर लागू कर दिया गया था।

9. **अंग्रेज़ों ने चरवाहों को क्यों अपराधी माना?**
   A. वे खेती नहीं करते थे
   B. उनकी आवाजाही अनियंत्रित थी
   C. वे कर नहीं चुकाते थे
   D. वे विद्रोह करते थे (B)

*व्याख्या :* अंग्रेज़ों ने चरवाहों की लगातार घूमने-फिरने की प्रवृत्ति को संदेहास्पद मानकर उन्हें अपराधी ठहराया।

10. **औपनिवेशिक शासन के दौरान कई चरवाहों ने जीविका के लिए क्या रास्ता अपनाया?**
    A. उन्होंने खेती शुरु की
    B. वे पूरी तरह विदेश चले गए
    C. उन्होंने व्यापार और मजदूरी की
    D. केवल जंगलों में शरण ली (A और C)

*व्याख्या :* कई चरवाहों ने जमीन खरीदकर खेती शुरु की और कुछ ने व्यापार या मजदूरी करके जीवनयापन किया।

मिशन ज्ञान जब चाहो, जहाँ चाहो, जैसे चाहो! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download MissionGyan App